बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के नियम–4 के परिपेक्ष्य में स्थानीय निकाय शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा हेतु

मार्गदर्शिका (Guidelines)।

संरचना :

(क) सक्षमता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।
(ख) प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।
(ग) निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

परीक्षा का विषय :

राज्य के प्राथमिक / मध्य / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाये जाने वाले सभी विषय।

पाठ्यक्रम :

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित TRE-I / TRE-II के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम।

प्रश्नपत्र पैटर्न :

सक्षमता परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ट प्रश्न होंगे।

अर्हता :

स्थानीय निकायों द्वारा राज्य के प्राथमिक / मध्य / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षक / पुस्तकालयाध्यक्ष।

परीक्षा शुल्क :

सभी कोटि के अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क ₹1100 / –(एक हजार एक सौ) देना होगा।

परीक्षा अवधि :

सक्षमता परीक्षा CBT (Computer Based Test) होगी, जिसकी अवधि 2 घंटा 30 मिनट की होगी।

Scanned with CamScanner

उत्तीर्णांक :

सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–2374 दिनांक 16.07.2007 के अनुरूप सक्षमता परीक्षा का उत्तीर्णांक निम्नवत होगा:–

सामान्य	–	40%
पिछड़ा वर्ग	–	36.5%
पिछड़ा वर्ग एनेक्श्चर–1	–	34%
अनु0जाति / अनु0जनजाति	–	32%
दिव्यांग	–	32%
महिला	–	32%

प्रमाण पत्र :

सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उत्तीर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा, जिस पर परीक्षा नियत्रंक (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का कम्प्यूटरजनित हस्ताक्षर होगा।

सक्षमता परीक्षा के प्रत्येक गतिविधि हेतु निर्धारित समय–सारणी :

क्र0	गतिविधि	निर्धारित अवधि
1	विज्ञापन प्रकाशन	26.01.2024
2	ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की तिथि	01.02.2024 से 15.02.2024
3	शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा एडमीट कार्ड डाउन लोड करना	05.02.2024 से 16.02.2024
4	डाउन लोड किये गये एडमीट कार्ड को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा वेतन भुगतान पंजी से सत्यापित कर भौतिक हस्ताक्षर के उपरान्त अपलोड करना	06.02.2024 से 16.02.204
5	ऑनलाईन परीक्षा की तिथि	26.02.2024 से 13.03.2024

विशेष अनुदेश :

- परीक्षा फार्म प्रपत्र विभागीय अनुमोदन उपरान्त जारी किया जाएगा।
- शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा सक्षमता परीक्षा हेतु आवेदन पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पोर्टल पर ऑनलाईन भरा जाएगा।

Scanned with CamScanner

- परीक्षा फार्म भरते समय शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा खास कर पिता/पति का नाम, जन्म तिथि एवं योगदान की तिथि इत्यादि सही भरा गया है या नहीं, मिलान करने के उपरान्त Submit किया जाएगा।

- शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा फार्म भरते समय आधार कार्ड, मैट्रिक का प्रमाण पत्र, TET/CTET/ STET उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, प्रशैक्षणिक तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं नियोजन इकाई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र Upload करना होगा।

- परीक्षा फार्म भरते समय शिक्षक अभ्यर्थियों को तीन जिलों का विकल्प देना अनिवार्य होगा। जिला का आवंटन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं विद्यालय का आवंटन विभाग द्वारा किया जाएगा।

- शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा भरे गये आवेदन Submit करने के उपरान्त संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के Login में जाएगा। तत्पश्चात जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा जांचोपरान्त इसे अन्तिम रूप से Submit किया जाएगा, जिस पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) का Digital हस्ताक्षर अंकित होगा।

- ऑनलाईन परीक्षा लेने वाली एजेंसी दो–दो मशीन दो महिने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को देंगी, ताकि शिक्षक अभ्यर्थी का Thumb Impression एवं Iris Recognition (ऑख की पुतली का सत्यापन) लिया जा सकेगा।

- एडमीट कार्ड में QR कोड एवं बार कोड अंकित होगा।

- प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए आवंटित अभ्यर्थियों के Sitting Arragement में यथासंभव यह ध्यान रखा जाएगा कि एकही विषय का अभ्यर्थी एक साथ नहीं बैठे।

- परीक्षा केन्द्र पर एडमीट कार्ड पर वीक्षक/केन्द्राधीक्षक का हस्ताक्षर एवं मुहर लगेगा।

- परीक्षा समाप्ति के बाद मूल एडमीट कार्ड शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा शिक्षक अभ्यर्थी का Thumb Impression एवं Iris Recognition का मिलान किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

- सक्षमता परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान सभी शिक्षक अभ्यर्थी का तीन बार Thumb Impression एवं Iris Recognition का मिलान किया जाएगा। एक बार परीक्षा केन्द्र पर, दूसरी बार कॉउसलिंग के समय एवं तीसरी बार विद्यालय योगदान के समय।

- मूल एडमीट कार्ड गुम होने की स्थिति में शिक्षक अभ्यर्थी को दुबारा सक्षमता परीक्षा देना होगा।

- वैसे शिक्षक अभ्यर्थी, जिन्हें सक्षमता परीक्षा देना है, ऑनलाईन से संबंधित Practice नजदीकी प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान/शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में संध्या 7.30 बजे 9.30 बजे तक कर सकते है।

- सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विद्यालय आवंटन के पूर्व कॉउसलिंग होगा, जिसमें उनके प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी तथा Thumb Impression एवं Iris Recognition का मिलान किया जाएगा।